खबर संक्षेप

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने संदीप को किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त होने पर दी बधाई

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने संदीप रघुवंशी को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए श्री रघुवंशी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष श्री यादव ने अपने संदेश में कहा कि संदीप रघुवंशी लंबे समय से संगठन के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। किसान हितों के मुद्दों पर उनकी सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और वित्तीय अनुशासन की समझ को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि रघुवंशी अपने नए दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए किसान मोर्चा को और अधिक मजबूत करेंगे। श्री यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में पद केवल सम्मान नहीं, बल्कि जिम्मेदारी होती है। संगठन कार्यकर्ता आधारित है और प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है। किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष के रूप में संदीप रघुवंशी की नियुक्ति निश्चित रूप से प्रदेश के किसानों की आवाज को और प्रभावी बनाएगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि श्री रघुवंशी प्रदेश भर में संगठनात्मक मजबूती, पारदर्शिता और किसानों के हित में संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री यादव ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि संगठन को उनके अनुभव और ऊर्जा का पूरा लाभ मिलेगा।

### होली मिलन समारोह एवं भव्य संगठनात्मक बैठक संपन्न

**उमरेठ(परासिया)** - राष्ट्रीय नुन्हारिया मेहरा सकल समाज जनपरिषद द्वारा उमरेठ में होली मिलन समारोह एवं संगठनात्मक बैठक का भव्य आयोजन समाज की एकता, संगठन विस्तार एवं सामाजिक उत्थान के संकल्प के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। रंगों के इस पावन अवसर पर सामाजिक समरसता, भाईचारे और संगठनात्मक सशक्तिकरण का प्रभावशाली संदेश दिया गया।

## छोटी बाजार में 5100 कंडों के सिंहासन पर विराजी होलिका, कल उड़ेंगे रंग गुलाल

# 500 साल बाद बने दुर्लभ राजयोग में जली होलिका, जगह-जगह हुआ दहन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

होली का पर्व इस वर्ष धार्मिक, ज्योतिषीय और सांस्कृतिक दृष्टि से बेहद खास माना जा रहा है। बाजारों में आधुनिक पिचकारियों, रंग-बिरंगे गुलाल, आकर्षक मुखौटों और तरह-तरह के रंगों से सजी दुकानों ने पहले ही होली का माहौल बना दिया है। इसी बीच ज्योतिषीय दृष्टि से भी इस बार होली का महत्व कई गुना बढ़ गया है।

लगभग 500 वर्षों बाद शुक्र ग्रह से मालव्य महापुरुष राजयोग का निर्माण हो रहा है। साथ ही सूर्य और शुक्र के संयोग से शुक्रादित्य राजयोग बन रहा है। इसके अलावा सूर्य, बुध, मंगल और राहु का विशेष योग भी बन रहा है, जिसे अत्यंत प्रभावशाली माना जा रहा है। इन ग्रह योगों के कारण होली पर्व को विशेष फलदायी और सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर माना जा रहा है।

शहर की छोटी बाजार में आज मसाने की होली का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। हर वर्ष की तरह इस साल भी छोटी बाजार रामलीला मैदान में चौबे बाबा भक्त परिवार की ओर से भव्य होलिका दहन का आयोजन किया जा रहा है।

रामलीला मंडल अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार महानगरों की तर्ज पर होलिका दहन को और अधिक भव्य रूप दिया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 6 बजे होलिका पूजन से होगी, जबकि शाम 8 बजे से विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां शुरू होंगी।इस वर्ष होलिका दहन का सबसे बड़ा आकर्षण 5100 कंडों से सुसज्जित सिंहासन पर विराजित होलिका की भव्य मूर्ति होगी।

आयोजकों के अनुसार कंडों का उपयोग पर्यावरण की दृष्टि से भी अनुकूल है। कार्यक्रम के दौरान काशी की मसाने होली की तर्ज पर भगवान भोलेनाथ और शिवगणों की विशेष झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। इसके साथ ही पारंपरिक फाग गायन से वातावरण भक्तिमय हो जाएगा। होलिका दहन की पौराणिक कथा के अनुसार, असुर राजा हिरण्यकशिपु अपने पुत्र प्रह्लाद की विष्णु भक्ति से क्रोधित था। उसने प्रह्लाद को मारने के कई प्रयास किए, लेकिन हर बार भगवान विष्णु ने उसकी रक्षा की। अंततः हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका की सहायता ली, जिसे अग्नि में न जलने का वरदान प्राप्त था। होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठी, लेकिन विष्णु कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहे और होलिका स्वयं जलकर भस्म हो गई। तभी से होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है।

जहां तक रंगों की होली का प्रश्न है, पंचांग के अनुसार 3 मार्च की शाम चंद्रग्रहण लग रहा है। ग्रहण से लगभग नौ घंटे पहले सूतक काल शुरू हो जाएगा, जिसमें शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। इसी कारण 3 मार्च को रंगोत्सव न मनाकर 4 मार्च को होली खेलना शास्त्रसम्मत माना गया है।

हालांकि, ज्योतिषियों के अनुसार यदि ग्रहण समाप्त होने के बाद, शाम 6 बजकर 47 मिनट के बाद रंगों की होली खेली जाए तो वह भी मान्य होगी। इस तरह श्रद्धा, परंपरा और ज्योतिष तीनों के संगम से इस वर्ष की होली और भी विशेष बन गई।

## स्वः श्याम स्वरूप शुक्ला की स्मृति में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**छिंदवाड़ा।** अग्रणी सामाजिक संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी के तत्वधान में आगामी 10 मार्च को खजरी चौक ओवर ब्रिज के नीचे एस सी पोस्ट मैट्रिक छात्रावास परिसर में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संकल्प सम्मान समारोह का आयोजन प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक स्वः पं.श्याम स्वरूप शुक्ला की पुण्य स्मृति में आयोजित किया जा रहा है उक्त आयोजन को सुव्यवस्थित करने हेतु संस्था सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक परासिया रोड अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट मे संपन्न हुई जिसमें सभी ने अपने अपने विचार एवं कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बृहद करने हेतु सुझाव दिए। स्वास्थ्य शिविर में शहर के सुप्रसिद्ध ख्यातिप्राप्त वरिष्ठ चिकित्सक अपनी निःशुल्क सेवाएं प्रदान करेंगे जिसमें वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नीरजा तिवारी, डॉ शोभा मोइत्रा, डॉ.श्वेता पाठक, डा.प्रीति बघेल, वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. हितेश मिश्रा , डॉ. राहुल चतुर्वेदी डॉ भोला यादव आयुर्वेदाचार्य डा दिलीप खरे, डॉ. पवन नेमा, हृदय मधुमेह एवं फेफड़े छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. जी एस दुबे, डॉ विकास द्विवेदी, डॉ.दिनेश ठाकुर, डा.के एस बजाज मूत्र पथरी किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ पुष्पेंद्र बघेल बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अल्पना शुक्ला, डा. शुभम बारंगे नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ सुधीर शुक्ला अस्थि हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण नाहर चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ हितेश भलावी कंसलटेंट फिजिशियन डॉ.श्रद्धा शर्मा, अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान करेगी संस्था की ओर से निशुल्क दवाइयां भी जरूरतमंद मरीजों को प्रदान की जाएगी साथ ही आशीष वर्मा के द्वारा उक्त शिविर में निःशुल्क आयुमान कार्ड भी बनाए जाएंगे ,निःशुल्क बी पी शुगर की जांच भी की जाएगी । इस महत्वपूर्ण बैठक में संस्था के वरिष्ठ मार्गदर्शक समाजसेवी विनोद तिवारी, कार्यक्रम संयोजक सुश्री आराधना शुक्ला , अध्यक्ष डा.चंद्रकांत विश्वकर्मा, सचिव संदीप अग्निहोत्री,उपाध्यक्ष भावना बनारसे, छिंदवाड़ा के महाराजा की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती दीपा राय , श्रीमती स्वाति साहू, प्रवक्ता डॉ.डी. एस. चौर, श्रीमती निशा यादव ,डॉ मीरा पराड़कर, सपना सोनी, उर्मिला सिंह ,मंजू डेहरिया, डॉ सविता चौरे, अर्चना लोखंडे, पूजा चंद्रवंशी, सुनील, विजय बहादुर वर्मा ,नंदू निर्मलकर, कमलेश डेहरिया एड .मुकेश दीक्षित डॉ. दीपसिंह मालवी डॉ. ओमप्रकाश विश्वकर्मा, अमित द्विवेदी, डॉ.महेश बंदेवार संकेत पांडे, आशीष वर्मा ,डी.पी.मालवीय आदि सदस्य उपस्थित रहे समापन में आभार सचिव संदीप अग्निहोत्री ने व्यक्त किया ।

### आज इस्कॉन का गौर पूर्णिमा कार्यक्रम



**छिंदवाड़ा:** इस्कॉन छिंदवाड़ा में 3 मार्च को गौड़ीय वैष्णव के परम आराध्य एवं राधाकृष्ण के संयुक्त रूप श्री चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य उत्सव एवं फूलों की होली मनायी जायेगी । ज्ञात हो कि आज से 540 वर्ष पूर्व फाल्गुन माह की पूर्णिमा पर श्री राधाकृष्ण के संयुक्त रूप श्री कृष्ण चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य चंद्रग्रहण के बाद जब सारा जगत हरि बोल हरि बोल कह रहा था तब हुआ। 540 वर्ष बाद इस वर्ष भी वही शुभ नक्षत्र एवं चंद्रग्रहण का सहयोग है। श्री गौरांग महाप्रभु जिन्होंने पूरे विश्व में शुद्ध भक्ति की धारा प्रवाह किया है उनका भव्य प्राकट्योत्सव आज शाम को चंद्रग्रहण के पश्चात किया जाएगा। प्रातः काल में मंगला आरती एवं सोनार गौरांग महाप्रभु सुंदर श्रृंगार दर्शन होंगे ओर दिन भर शुभ हरिनाम संकीर्तन होगा। चंद्रग्रहण के पश्चात इस्कॉन छिंदवाड़ा गांधीगंज के मूल विग्रह श्री गौरांग महाप्रभु एवं नित्यानंद प्रभु का महाभिषेक होगा। ब्रह्म मध्व गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय के त्रिदंडी संन्यासी श्री श्रीमद् भक्ति प्रेम स्वामी महाराज जी श्री गौरांग महाप्रभु के जन्म की कथा एवं लीलाओं का वर्णन करेंगे तत्पश्चात महाआरती एवं भव्य फूलों की होली खेली जावेगी। इस्कॉन छिंदवाड़ा ने समस्त नगरवासियों से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की ।

### शासकीय सेवक द्वारा पुत्री के जन्मदिन पर आंगनवाड़ी के बच्चों को उपहार वितरण



**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ शासकीय सेवक प्रशांत विश्वकर्मा द्वारा अपनी पुत्री कु. गीत विश्वकर्मा के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय आंगनवाड़ी बर्रा ढाना में अध्ययनरत 14 नन्हें बच्चों को "स्कूल बैंक" उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती आकांक्षा विश्वकर्मा, शासकीय सेवक श्री भीमराज अहिरवार एवं संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। बच्चों ने उपहार पाकर हर्ष व्यक्त किया तथा जन्मदिन को एक सामाजिक सरोकार के रूप में मनाए जाने की इस पहल की सराहना की। शासकीय सेवक वेलफेयर सोसायटी छिंदवाड़ा के अध्यक्ष श्री सतीश गोडाने द्वारा इस सराहनीय कार्य के लिए श्री प्रशांत विश्वकर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा गया कि इस प्रकार के कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और अन्य लोगों को भी प्रेरित करते हैं कि वे अपने विशेष अवसरों को सेवा एवं सहयोग के रूप में मनाएं।

## सांसद कल होली मिलन समारोह में शामिल होंगे



**छिन्दवाड़ा।** सनातन परंपरा के महापर्व धुंरेंडी के अवसर पर 04 मार्च को पूजा लॉज परासिया रोड छिन्दवाड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया है। जिसमें छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा संसदीय क्षेत्र के सभी भाईयों, बहनों, कार्यकर्ताओं, साथियों, मित्रों एवं शुभचिन्तकों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। सांसद श्री साहू ने सभी भाईयों, बहनों, कार्यकर्ताओं, साथियों, मित्रों एवं शुभचिन्तकों को धुरेंडी पर्व को हर्षोल्लास व उत्साह पूर्वक मनाने के लिए आमंत्रित किया हैं। सांसद श्री साहू ने सनातन परंपरा के महापर्व होली व धुरेंडी के पावन अवसर पर छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। सांसद ने कहा कि रंगों का यह पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव को बढ़ाते हुए एकता का संदेश देता है। विविध विचारों के रंगों से रंगे इस पर्व पर हम एक होकर स्वंय के लिए और पूरे समाज के लिए एक नया संदेश दे यही कामना है।

## धुरेण्डी पर्व पर 4 मार्च दोपहर 3 बजे तक शुष्क अवधि घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हरेंद्र नारायन द्वारा 03 मार्च 2026 को रंग-गुलाल (धुरेण्डी) पर्व के अवसर पर लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 47 दिनांक 14.02.2025 की कंडिका क्रमांक-48 शुष्क दिवस में विहित निर्देशानुसार मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 (1) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले की सीमा क्षेत्र में स्थित समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानों, रेस्टारेंट-बार (एफ.एल.-2), होटल-बार (एफ.एल.-3), रिसोर्ट-बार (एफ.एल.-3A), वाइन के फुटकर विक्रय हेतु रिटेल आउटलेट तथा देशी स्टोरेज मद्य भंडारों को 04 मार्च 2026 धुरेण्डी के दिन दोपहर 03:00 बजे तक बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। उक्त अवधि को शुष्क अवधि घोषित किया गया है। शुष्क अवधि के दौरान गश्त/दबिश करते हुए मदिरा के क्रय, विक्रय एवं वितरण आदि पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश की अवहेलना की दशा में संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। आदेश का कठोरता से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए




### मानसिक रोग भी सामान्य बीमारी, समय पर उपचार है जरूरी

**पांढुर्णा।** पांढुर्णा विकासखंड में ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान द्वारा संचालित 'नलम सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम' के अंतर्गत ग्राम कोंडाली, मांगोरली एवं गड़मऊ में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा समाज में फैली भ्रांतियों और अंधविश्वास को दूर करना रहा। कार्यक्रम में सरपंच श्री राजेश वरठी, श्रीमती अनीता धुर्वे, संजना गोपाल उईके, संस्था निदेशक श्री विजय धवले, उपसरपंच श्री भारत देशमुख, वरिष्ठ नागरिक सुनील साहू, आशा कार्यकर्ता श्रीमती सुनीता खड़से, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्री चेतना पठाडे, नलम कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।संस्था निदेशक श्री विजय धवले ने अपने संबोधन में कहा कि मानसिक रोग कोई दैवीय प्रकोप या जादू-टोना नहीं, बल्कि एक चिकित्सकीय स्थिति है।

## विश्वकर्मा कंस्ट्रक्शन ने दी शिवाय एंड अल्फा प्रॉपर्टीज को मात

**आईपीएस क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित किया गया छिंदवाड़ा प्रीमियर लीग टूर्नामेंट**




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

आईपीएस क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित छिंदवाड़ा प्रीमियर लीग के अंतिम दिन तीन मुकाबले खेले गए जिसमें क्रमशः पहले दो मुकाबले सेमीफाइनल अथवा शेष मुकाबला फाइनल खेला गया जिसमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला आईपीएस परतला एवं शिवाय एंड अल्फा प्रॉपर्टीज के मध्य खेला गयाजहां आईपीएस पपरतला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

इसमें निर्धारित 12 ओवर में आईपीएस परतला आठ विकेट खोकर 106 रन बनाए वही स्कोर का पीछा करने उतरी शिवाय और अल्फा प्रॉपर्टीज की टीम ने तीन विकेट से जीत दर्जकराई जिसके मन ऑफ द मैच रहे रैनदीप युवनति जिन्होंने तीन ओवरों में 16 रन खर्च करें एवं तीन महत्वपूर्ण विकेट झटके और 5 गेंद पर 6 रन भी बनाएं वही दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एच एन क्लब एवं विश्वकर्मा कंस्ट्रक्शन के मध्य खेला गया जिसमें विश्वकर्मा कंस्ट्रक्शन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया निर्धारित 12 ओवर में 68 रन पर एच एन क्लब को ऑल आउट कर दिया।

फिर स्कोर का पीछा करने उतरी विश्वकर्मा कंस्ट्रक्शन ने 6 ओवर में ही जीत दर्ज कर ली जिसमें शुभम खेलवाड़ी के बेहतरीन गेंदबाजी के चलते तीन ओवर में 17 रन लेकर 4 विकेट लिए वही बल्लेबाजी में चार गेंद में 14 रन बनाएं वही वही फाइनल मुकाबला शिवाय एंड अल्फा प्रॉपर्टीज और विश्वकरमा कंस्ट्रक्शन के मध्य खेला गया जिसमें विश्वकरमा कंस्ट्रक्शन ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया और निर्धारित 12 ओवर में शिवाय एंड अल्फा प्रॉपर्टीज ने 108 रन का लक्ष्य खड़ा किया जिसका पीछा करने उतरी विश्वकर्मा कंस्ट्रक्शन के बल्लेबाजो ने यहां लक्ष्य 10.4 ओवरों में ही अर्जित कर लिया बल्लेबाज नितेश चंदेल ने 25 गेंद की पारी में 48 रन बनाए वही शुभम खेलवाड़ी की 5 गेंदों पर 20 रनों की घातक फिनिशिंग के चलते यह मुकाबला जीत लिया और जीत के 100000 की इनामी राशि अपने नाम की।

वहीं शिवाय अल्फा प्रॉपर्टीज ने 50000 इनामी राशि प्राप्त की आज के मुख्य अतिथि द्वारा बेस्ट बॉलर बेस्ट बैट्समैन बेस्ट कीपर बेस्ट दर्शक के इनाम बाटे गए और आज के मुख्य अतिथि रहे भाजपा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, उपाध्यक्ष अजय सक्सेना, महापौर विक्रम अहाके, विजय पाण्डे, कमलेश ऊईके, विजेन्द्र चौहान, सौरभ ठाकुर, भरत घई, रोहित पोफली, अंकुर शुक्ला, रवि मालवी, प्रशांत नामदेव, कमल बाजपेई प्रकाश बरडे जी रहे वही छिंदवाड़ा प्रीमियर लीग के अध्यक्ष बबलू विश्वकर्मा एवं शिवम खेलवाड़ी के इस शानदार आयोजन की सराहना की।

### जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों और बाल वैज्ञानिकों ने पुनः स्थापित किया कीर्तिमान

# सर्वाधिक 256 विद्यार्थियों का इंस्पायर अवार्ड में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

विज्ञान एवं नवाचार की दिशा में जिले ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड – मानक योजना सत्र 2025-26 में छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के 256 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। यह संख्या पूरे मध्यप्रदेश में सर्वाधिक है, जिससे जिले ने लगातार दूसरे वर्ष प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष भी जिले ने प्रथम स्थान अर्जित किया था, किंतु इस वर्ष चयनित विद्यार्थियों की संख्या और अधिक होकर, एक नया कीर्तिमान स्थापित कर गई है। यह उपलब्धि केवल एक आँकड़ा नहीं, बल्कि जिले की वैज्ञानिक सोच, नवाचार संस्कृति और शिक्षकों के समर्पण का सजीव प्रमाण है।



इस उपलब्धि का सबसे गौरवपूर्ण पक्ष यह है कि पूरे मध्यप्रदेश में केवल छिंदवाड़ा ही ऐसा जिला है जहाँ चयनित विद्यार्थियों की संख्या तीन अंकों तक पहुँची है, जबकि अन्य जिलों की संख्या दो अंकों तक ही सीमित रही। यह तथ्य स्वयं सिद्ध करता है कि छिंदवाड़ा न केवल भागीदारी में, बल्कि गुणवत्ता और नवाचार में भी प्रदेश का नेतृत्व कर रहा है।

योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को 10,000 - 10000 रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपने मॉडल एवं परियोजनाओं को और विकसित कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत कर सकंगे।

### नवाचार में आगे, सोच में अग्रणी

जिले के विद्यार्थियों ने सामाजिक, पर्यावरणीय एवं तकनीकी चुनौतियों के समाधान हेतु अभिनव एवं उपयोगी वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किए। जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन, स्मार्ट तकनीक तथा ग्रामीण समस्याओं के समाधान जैसे विषयों पर तैयार किए गए मॉडल राज्य स्तर पर विशेष रूप से सराहे गए। इस अवसर पर छिंदवाड़ा कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, पांढुर्णा कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी. एस. बघेल ने सभी चयनित विद्यार्थियों, मार्गदर्शक शिक्षकों, संस्था प्रमुखों एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी है।

**किसान कल्याण वर्ष 2026 में नवाचार की मिसाल: छिंदवाड़ा के किसान कैलाश पवार की प्रेरक सफलता की कहानी**

# प्रदेश में पहली बार पॉलीहाउस में गोल्डन बेरी और रास्पबेरी की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को "किसान कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। किसानों की आय दोगुनी करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में छिंदवाड़ा ज़िला नवाचार और आधुनिक खेती के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जिले के किसान नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे



### प्रदेश में पहली बार पॉलीहाउस में गोल्डन बेरी और रास्पबेरी की खेती

कृषक कैलाश पवार ने एक एकड़ में पॉलीहाउस के माध्यम से गोल्डन बेरी और रास्पबेरी की खेती कर प्रदेश में पहला सफल प्रयोग किया। इन पौधों को उन्होंने महाबलेश्वर (पुणे) से मंगवाकर छिंदवाड़ा में रोपित किया। जिससे उन्हें वर्तमान में गोल्डन बेरी की नागपुर एवं रायपुर बाजार में कीमत 200 प्रति किलो के मान से लगभग 3 लाख प्रति एकड़ और रास्पबेरी की 2000 प्रति किलो के मान से लगभग 5 लाख प्रति एकड़ का अनुमानित लाभ मिलना संभावित है। यह प्रयोग जिले में उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

**स्ट्रॉबेरी से कमाया 35 लाख का शुद्ध मुनाफा** - पिछले वर्ष कृषक श्री कैलाश पवार ने 6 एकड़ में स्ट्रॉबेरी की खेती कर लगभग 35 लाख का शुद्ध लाभ अर्जित किया। इस वर्ष भी 6 एकड़ में स्ट्रॉबेरी की फसल तैयार की गई है, जिससे प्रति एकड़ लगभग 5 लाख का मुनाफा प्राप्त हो रहा है।

**जी-9 केले का विस्तार, ब्लू बेरी का भी नवाचार** - कृषक श्री कैलाश पवार ने इस वर्ष 18 एकड़ में जी-9 केला लगाकर एक और बड़ा नवाचार किया है। वर्तमान बाजार दर के अनुसार प्रति एकड़ 2 से 3 लाख तक मुनाफे की संभावना है। इसके साथ ही कृषक श्री कैलास पवार ने नवाचार करते हुए पहली वार ब्लू बेरी भी एक एकड़ में लगाई है।

## जिले के पांच चयनित युवा, राज्य स्तरीय युवा संसद मे लेंगे भाग

**छिंदवाड़ा।** विकसित भारत 47 की परिकल्पना को साकार करने के लिए माय भारत छिन्दवाड़ा के सहयोग से आई.पी.एस कॉलेज के द्वारा महाविद्यालय सभागार में एक दिवसीय विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया है। माय भारत के जिला युवा अधिकारी सुशमा गोली ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को राजनीति परिवेश से अवगत कराकर राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका किस तरह से हो सकती है इससे अवगत कराया । कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में प्रोफेसर राजेन्द्र मिश्रा, श्री श्यामलराव समाजसेवी, श्री विनोद तिवारी, प्राचार्य ज्ञानज्योति विद्यालय छिन्दवाड़ा, रविन्द्र नाफडे जिला संगठक एन.एस.एस. वरिष्ठ साहित्यकार रामाकांत पाण्डे जी. आई.पी.एस. कॉलेज प्राचार्य जैमिनी खानवे, श्री नरेन्द्र पाल, यूथ आईकॉन विनीता es नेती उपस्थित रहे। यूथ आईकॉन विनीता नेती ने उपस्थित प्रतिभागियों को राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देकर विकसित भारत 2047 की कल्पना को सकार करने में अपना महत्वूर्ण योगदान देने की अपील की। आयोजन मे रितेश मालवीय ने बताया कि आयोजित यूथ पार्लियामेंट में 11 महाविद्यालय के 49 युवा प्रतिभागियों ने आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर अपने विचार रखे। उपस्थित निर्णायक गणो ने भी युवाओं को प्रेरित करते हुए बताया कि राष्ट्र के निर्माण के लिए ओर भारतीय लोकतंत्र को किस तरह से मजबूत किया जा सकता है विषय पर अपनी बात रखकर एक दूसरे के विचार को सुनने और उसको अमल में लाने की बात कही। जिससे लोकतंत्र मजबूती के साथ देश भी मजबूत होगा। इस अवसर पर युवा संसद में भाग लेने वाले प्रतिभागियो में राज्यस्तर पर चयन किये गये पाँच प्रतिभागियों में कुमारी अश्विनी धुर्वे, आदिब खान, रिया गुप्ता, अनुश्री विश्वकर्मा, प्रतिभागी घाघरे को उपस्थित अतिथियों के हस्ते मेंमेटों एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात है कि माय भारत छिन्दवाड़ा के इन पाँच प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले युथ पार्लियामेंट में भेजा जायेगा।




## अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी में लगी विज्ञान सभा



**छिंदवाड़ा।** सोमवार के शुभ दिन नगर के नागपुर रोड स्थित अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी में विज्ञान सभा का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि अहमदाबाद इसरो के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर सोनू जैन सम्मिलित हुए।जिनका अरिहंत एकेडमी के डायरेक्टर दीपक राज जैन एवं प्राचार्य रविशंकर माथुर ने आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर छात्र - छात्राओं ने मेरी भावना का पाठ कर विश्व शांति की मंगल कामना की।एआईए में हुई विज्ञान सभा में डॉक्टर सोनू जैन ने छात्र - छात्राओं को इसरो के विषय में विशेष जानकारियां देकर विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक बातें बताई और सभी से इस अभियान से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने सभी से छिंदवाड़ा को स्वच्छ - स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का अनुनय किया।आपको बता दें कि डॉक्टर सोनू जैन का फाल्गुन की अष्टांहिका पर मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के मंगल आमंत्रण पर प्रवचनों हेतु छिंदवाड़ा आगमन हुआ। जिनके निमित्त से सकल जैन समाज ग्रन्थराज समयसार का मर्म समझकर आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

## गायत्री परिवार पांढुर्णा का संगठनात्मक ढांचा बनेगा और अधिक मजबूत



**पांढुर्णा ।** गायत्री परिवार पांढुर्णा के संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत बनाने के लिए यहां जिला समन्वय समिति का पुनर्गठन हुआ। इस समिति में शंकर घोड़की, (सौसर) को जिला समन्वयक, भीमराज पराड़कर एवं जयंत चरडे को सह समन्वयक बनाया गया है। 15 सदस्यों की इस समिति में 3 महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया गया है। समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया जोन समन्वयक रामचंद्र गायकवाड भोपाल, उपजोन सन्वयक दिनेश देशमुख तथा अशोक कावडे छिंदवाडा की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस प्रक्रिया में वरिष्ठ सदस्यगण ईश्वरीलाल त्रिवेदी, मनोहर पवार, किशोर किनकर, नरेंद्र हिंगवे, योगिराज वानोडे, शिवाजी ठाकरे, नारायण कालभूत, तुकाराम किनकर, रामराव कालबाडे, नितिन बोड़े, गजानन मस्तकार, कैलाश चौधरी एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चोरों ने घर में घुसकर महिला को मारा ब्लेड

**पांढुर्णा।** नगर के गणेश वार्ड परिसर में निवास करनेवाली सास एवं बहु के घर में कल रविवार रात डेढ बजे अचानक दो लोग घुस गए और दोनों महिलाओं के हाथ और गले पर धारदार ब्लेड चलाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रात में संध्या सिरसकर और इनकी बहु विदुला घर में थी, बेटा किसी काम से शहर से बाहर गया था। घर में घुसने के बाद लुटेरों को घर की आलमारी में कोई जेवर और नगदी नहीं मिली तो उन्होंने सास-बहु को बांध दिया। जब लुटेरे शरीर के जेवर जबरन उतारने लगे तो बहु विदुला ने शोर मचा दिया। इससे नाराज होकर लुटेरों ने धारदार ब्लेड से बहु के गले और हाथ पर अनेक वार किए। इसके बाद दोनों बदमाश उपरी मंजिल की ओर से भागने में कामयाब हो गए।



## शासकीय विधि महाविद्यालय में आयोजित हुई युवा संसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा में सोमवार को युवा संसद का आयोजन किया गया। संसद के सत्र की शुरुवात राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ। संसद में 5 विधेयक प्रस्तुत किए गए। पेश विधेयकों में अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण संशोधन विधेयक, सोशल मीडिया में आयु प्रतिबंध और अभिभावक नियंत्रण, एक राष्ट्र एक चुनाव, न्यायसंगत निर्वहिका विधेयक, जनसंख्यिकीय संविधान संशोधन विधेयक सदन में रखें गए। जिसमें जनसंख्यिकीय संविधान संशोधन विधेयक खारिज किया गया, तथा बाकी शेष सभी विधेयक बहुमत के साथ पारित हुए। युवा संसद की अध्यक्षता उमेश साहू ने बखूबी से किया। तो वहीं उपसभापति की जिम्मेदारी नीतेश त्रिपाठी के द्वारा अदा की गई। इन्हें मिला पुरुस्कार - युवा संसद आयोजन समिति के सहायक प्राध्यापक राकेश कोष्ठी ने बताया की संसद में सर्वश्रेष्ठ सांसद मोहित डेहरिया, सर्वश्रेष्ठ नेता प्रतिपक्ष गगन बंदेवार, सर्वश्रेष्ठ वक्ता सांसद अमृता सनोड़िया, सर्वश्रेष्ठ प्रश्नकर्ता अरूण सोलंकी, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा में पुरूष पार्थ पटेरिया, तथा महिला में एकता मिश्रा, शालीनतम सांसद तरन्नुम रैयन, अध्यक्ष का पसंदीदा सांसद रागिनी पुरी का खिताब दिया गया। तो वहीं सर्वश्रेष्ठ विधेयक के रूप में अनुसूचित जाति व जनजाति आरक्षण संशोधन विधेयक 2026 को चुना गया गया। इनकी रही मौजूदगी- युवा संसद में प्रमुख रूप प्राचार्य डॉ कमलाकर मोटघरे, डॉ दमयंती कटरे, डॉ स्नेहा सिंह, कमलेश चरपे, आयुष, ब्रजलाल



## विद्युत विभाग किरनापुर द्वारा विद्युत लाइनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकथाम का विशेष अभियान हुआ प्रारंभ





हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

विद्युत विभाग किरनापुर वितरण केंद्र अंतर्गत विद्युत लाइनों से होने वाली दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु विभाग द्वारा विशेष मुहिम चलाकर संभावित विद्युत दुर्घटना चिन्हित कर लगभग 35 स्थान का विद्युत लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने का उत्कृष्ट कार्य किया गया है जिसमें आदि तिरछे पोलो को सीधा करने का कार्य विशेष अभियान चलाकर किया गया साथ ही रोड से क्रॉस होने वाली विद्युत लाइनों में अतिरिक्त मिडिल स्थान पोल लगाकर विद्युत लाइनों की ऊंचाई बढ़ाई गई ताकि भविष्य में किसी प्रकार की विद्युत दुर्घटना न होने पाए साथ ही मुख्यालय में पदस्थ लाइन कर्मचारियों को इसी प्रकार लाइन सुधार करने हेतु प्रोत्साहित कर आदेशित किया गया है। इस कार्य में उच्च अधिकारियों अधीक्षक अभियंता अमित कुमार कार्यपालन अधिक्षण अभियंता बालाघाट ,रवि कुम्हरे कार्य पालन अधिक्षण बालाघाट सहायक अभियंता,किरनापुर से संदीप सहारे कनिष्ठ अभियंता एवं वितरण केंद्र, कर्मचारियों का विशेष सहयोग सराहनीय रहा।

## वारासिवनी की बेटी वेदिका मिश्रा ने वर्धा में आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 में हासिल किया प्रथम स्थान



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गॉधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2026 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में वारासिवनी निवासी वेदिका मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र, नगर व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि सुश्री वेदिका शिक्षक राकेश एवं शिक्षिका अनिता मिश्रा की सुपुत्री है।**

विकसित भारत युवा संसद 2026 की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का विषय आपातकाल के 50 वर्ष, भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक था। वेदिका ने अपने ओजस्वी, तथ्यपरक और राष्ट्रवादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण भाषण में आपातकाल के ऐतिहासिक संदर्भ, लोकतांत्रिक मूल्यों पर उसके प्रभाव तथा वर्तमान पीढ़ी के लिए उससे मिलने वाले सबकों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

वेदिका मिश्रा वर्तमान में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में पोस्ट ग्रेजुएशन कर रही हैं। वे वर्तमान में अपने विश्वविद्यालय की छात्र प्रतिनिधि भी हैं तथा सत्र 2024-25 में उन्होंने अपने विश्वविद्यालय की एबीवीपी इकाई की इकाई मंत्री के दायित्व का निर्वहन किया था। उल्लेखनीय है कि वेदिका पूर्व में भी अनेक भाषण, वाद-विवाद एवं काव्य प्रतियोगिताओं की विजेता रह चुकी हैं। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद अब वे राज्य स्तर पर आयोजित यूथ पार्लियामेंट में भाग लेंगी। उनकी इस उपलब्धि पर वारासिवनी क्षेत्र के उनके परिजनों व शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भ्ज्ञविष्य की कामना की है।

**बाबा श्याम की भक्ति में झूम उठा नगर, भव्य निशान यात्रा संपन्न**

## वारासिवनी में उमड़ा आस्था का सैलाब



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के गूंजते जयकारों और भक्ति के अटूट विश्वास के साथ वारासिवनी नगर पूरी तरह श्याममयी हो गया। राधा माधव सत्संग मंडल द्वारा आयोजित द्वितीय श्री खाटू श्याम महोत्सव के अंतर्गत सुबह स्थानीय बड़ा श्रीराम मंदिर से विशाल निशान ध्वज यात्रा निकाली गई। जिसने पूरे नगर को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया।

सुबह 9 बजे से बाबा का रथ और निशान यात्रा प्रारंभ हुई। इसके पूर्व ही श्रीराम मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। जहॉ पर विधिवत पूजन अर्चन के बाद निशान यात्रा प्रारंभ की गई। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और नन्हे-मुन्ने बच्चे अपने हाथों में बाबा श्याम का पवित्र निशान रंगीन ध्वज थामे हुए शामिल हुए। ढोल-ताशों की थाप और श्याम भजनों की धुन पर भक्त सुध बुध खोकर नाचते झूमते नजर आए। ऐसा लग रहा था मानो साक्षात खाटू धाम वारासिवनी की सडक़ों पर उतर आया हो।

बड़ा श्रीराम मंदिर से प्रारंभ हुई निशान यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों गोलीबार चौक, आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक से वापस नेहरु चौक, कटंगी मार्ग पर परशुराम चौक, दुर्गा मंदिर होते हुए वापस बड़ा श्रीराम मंदिर पहुँची। इस दौरान नगरवासियों में भारी उत्साह देखा गया। भक्तों की सेवा के लिए वार्ड नम्बर 9 में श्री राजेन्द्र अरोरा के निवास स्थान, गोलीबारी चौक में जागो वर्मा की दुकान केपास, अनुश्री ज्वेलर्स के सामने, श्रीरामलला सेवा समिति, समाजसेवी गोपाल खंडेलवाल एवं सामाजिक संगठनों द्वारा शीतल जल, आईसक्रीम, शरबत आदि का वितरण निशान यात्रा में शामिल भक्तों को किया गया। इस दौरान नागरिकों ने निशान यात्रा पर पुष्प वर्षा कर निशान और भक्तों का स्वागत किया गया।

## वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार विषय पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**वारासिवनी।** शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का अयोजन महाविद्यालय के इंदिरा प्रकोष्ठ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मॉं सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम, मुख्य वक्ता डॉ0 सम्पत घोष विभागाध्यक्ष लाइफ साइंस सरदार पटेल विष्वविद्यालय बालघाट तथा दुर्गेश अगासे सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र पीएमश्री एक्सीलेंस कॉलेज बालाघाट उपस्थित रहे। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के अन्तर्गत वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार विषय पर केन्द्रित व्याख्यान विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन के साथ ही भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर केन्द्रित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ0 रक्षा निकोसे द्वारा विज्ञान दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।

## अज्ञात पिक-अप ने बाइक को करीब सौ मीटर घसीटा बाइक सवार की मौत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां बोनकट्टा से सादाबोड़ी को जोड़ने वाले मार्ग के नजदीक एक अज्ञात पिक-अप वाहन ने बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटा जिससे बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आस-पास हुआ है। सड़क हादसे के बाद करीब आधा घंटे तक युवक सड़क पर ही गिरा पड़ा रहा। एक जागरूक राहगीर ने इसकी सुध ली और पुलिस को सूचना दी। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर डॉयल 112 घटनास्थल पर पहुंची किंतु इससे पहले ही कुछ युवाओं ने मानवता का परिचय देते हुए बाइक चालक को कटंगी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार सड़क हादसे में भंडारा निवासी शंकर भलावी की मौत हुई है। जो करीब 01 माह से कोहका में अपनी बहन के यहां आया हुआ था। एक दिन पहले कोहका में तेरहवीं का कार्यक्रम था जहां मृतक के पिता अपने पैतृक गांव भंडारा से आए हुए थे और कार्यक्रम की समाप्ति के बाद आज सोमवार को अपने घर वापस भंडारा जा रहे थे। किंतु दो राज्यों को जोड़ने वाले मार्ग पर बावनथड़ी नदी पर निर्मित बोनकट्टा पुल से भारी वाहनों की आवाजाही और यात्री बसों का परिचालन पूरी तरह से बंद होने की वजह से शंकर अपने पिता को बाइक क्रमांक एमपी 50 एम आर 0696 से पुल के उस पार छोड़ने के लिए गया हुआ था। वहां से वापस लौटते वक्त अज्ञात पिक-अप वाहन ने शंकर के दोपहिया वाहन को टक्कर मारते हुए करीब 100 मीटर तक घसीटा जिससे उसकी मौत हो गई। बताया तो यह भी जा रहा है कि कुछ लोगों ने पिक-अप वाहन को तलाश करने के लिए उसका पीछा भी किया परंतु पिक-अप वाहन चालक तेजी से भाग निकला। शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुर्पूद कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।



सड़क हादसे में युवक की मौत हो भले ही पिक-अप की चपेट में आने से हुई है लेकिन इस हादसे ने उस ज्वलंत मुद्दे को हवा दी है। जिसे लेकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश दोनों ही राज्यों के जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे बैठे हुए है। दरअसल, बावनथड़ी नदी पर निर्मित पुल वर्ष 2020 से तत्कालीन कलेक्टर संदीप कदम के आदेश के बाद बंद पड़ा हैं। इस पुल से सभी प्रकार के भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगी है। महाराष्ट्र शासन के अधीन आने वाले इस पुल के सुपर स्ट्रक्चर में कंपन और दरारें आने के बाद कलेक्टर ने पुल से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाया परंतु बीते 05 वर्षों में महाराष्ट्र सरकार पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं करवा पाई है। जानकारी है कि महाराष्ट्र सरकार ने इस पुल की मरम्मत के लिए 96 करोड़ रुपए की राशि भी स्वीकृत की है। अगर इस पुल का सहीं समय पर निर्माण होता तो यात्री बसों का पूर्व की तरह परिचालन हो रहा होता और जो युवक अपने पिता को छोड़ने के लिए महाराष्ट्र सीमा तक गया वह वहां नहीं जाता और ना ही उसकी मौत होती। खैर, इस घटना के बाद महाराष्ट्र के तुमसर और बालाघाट के कटंगी विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को गंभीरता से चिंतन करने की जरूरत है और शीघ्र ही पुल का निर्माण शुरू हो पाए इस दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है अन्यथा इस तरह के हादसे भविष्य में भी होते ही रहेगें इससे कतई इनकार नहीं किया जा सकता।

## वरिष्ठ मूर्तिकार खोमन लाल कश्यप का निधन, आज मोक्षधाम में किया गया अंतिम संस्कार

**लांजी।** वार्ड क्रमांक 10 निवासी 80 वर्षीय वरिष्ठ मूर्तिकार खोमन लाल कश्यप का आज सुबह लगभग 6 बजे निधन हो गया। वे अपने सहज, सरल और मृदुभाषी स्वभाव के कारण क्षेत्र में विशेष पहचान रखते थे। उनके मिलनसार व्यक्तित्व और कला के प्रति समर्पण ने उन्हें समाज में सम्मान दिलाया। स्व. कश्यप अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें पत्नी, तीन पुत्र — नरेंद्र कश्यप, मिथुन कश्यप एवं भूनेश कश्यप — सहित नाती-नतिन शामिल हैं। कुम्हार समाज संगठन की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनका अंतिम संस्कार आज 2 मार्च को स्थानीय मोक्षधाम में किया गया।



## वन विभाग खैरलांजी ने खैर की लकडी को अवैध परिवहन करने पर की कार्यवाही




हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

गौरव चौधरी मुख्य वन संरक्षक वन वृत बालाघाट एंव नित्यानदम एल. वन मंडल अधिकारी दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के निर्देशानुसार 1 मार्च रात्री में गस्ती के दौरान दैतबर्रा से मुरझड मार्ग पर राम पिता शिवप्रसाद उपवंशी बिटोडी, मनीष पिता प्रल्हाद गिरी डोगंरगांव, राकेश पिता गुलबास कोल्ते पिंडरई के द्वारा खैर की लकडी पिकअप से बगैर परिवहन अनुज्ञा पत्र से अवैध परिवहन करते पाये जाने पर खैरलांजी वन विभाग के पदाधिकारीयो के द्वारा जप्त कर कार्रवाही की गई और 2 मार्च को वन अपराध पंजीयन किया गया। यह जानकारी खैरलांजी वन विभाग के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दि गई। बताया गया की जब्त किए गए वहान में खैर प्रजाति की काष्ठ 60 नग 0.984 घन मीटर पायी गई। इस दौरान उक्त कार्यवाई में डी.सी.वासनिक वन परिक्षेत्र अधिकारी खैरलांजी, युवराज बोरकर परिक्षेत्र सहायक खैरलांजी,विजय सिंग कुसरे परिक्षेत्र सहायक कटोरी, राकेश साहू वनपाल, चंद्रकुमार कडंव वनपाल, निलय किर्ती सुखदेवे वन रक्षक, सौरभ शर्मा वनरक्षक,कवन लाल टेकाम सुरक्षा श्रमिक का कार्यवाही करने में सहयोग रहा।

**खबर संक्षेप**

### डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर, निःशल्क जांच एवं परामर्श 06 मार्च को

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्थानीय डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी में दिनांक 06 मार्च 2026 को अपनी प्रत्येक वर्ष की परंपरानुसार इस वर्ष भी संस्था के संरक्षक एवं प्रेरणाश्रोत बाबूजी (स्व. श्री डी.पी. चतुर्वेदी जी के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में 06 मार्च को विविध कार्यक्रम आयोजित हैं। जिसके तहत 06 मार्च को विशाल




स्वास्थ्य शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें नागपुर एवं शहर के ख्यातिलब्ध चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं परामर्श किया जाएगा। जिसमे नागपुर के प्रख्यात चिकित्साक डॉ. अंबर दवारे (एम.एस. अस्थि रोग विशेषज्ञ) डॉ. मानसी ठाकुर (एम.एस. प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. अंकित दवारे (एम.सी.एच. न्यूरो सर्जन) डॉ. केतकी अंबुलकर (एम.डी. मेडिसिन) डॉ. सानिका ठाकुर (एम.डी.एस. प्रोस्थोडॉन्टिक्स / दंत चिकित्सक) डॉ. योगेश पाटले (ऑप्टोमेट्रिस्ट) डॉ. गजेंद्र धारवाल (आयुर्वेदिक चिकित्सक) डॉ. भूपेंद्र मिश्रा (होम्योपैथी एवं त्वचा रोग विशेषज्ञ) डॉ. नितिन कार्ते (बी.एच.एम.एस.) अपनी सेवाऐं प्रदान करेंगे। आप सभी जनमास से सादर अनुरोध है कि निः शुल्क चिकित्सा शिविर मे सहभागी बनकर स्वास्थ्य परामर्श लेकर लभांवित हों।

### फेमिना मिस मध्यप्रदेश बनी धनुश्री का नगर पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत सम्मान



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** फेमिना मिस इंडिया ब्यूटी कॉन्टेस्ट में फेमिना मिस मध्यप्रदेश 2026 का खिताब पाने वाली धनुश्री चौहान जब अपने घर सिवनी पहुंचीं तो शहरवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। बैंड बाजे और फूल मालाओं के साथ स्वागत करते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने उनका अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं। धनुश्री राजेश चौहान और गूंज संस्था की अध्यक्ष तथा अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की प्रदेश संगठन मंत्री मनीषा चौहान की बेटी है। उन्होंने बताया कि वे अब वे आगामी नेशनल ब्यूटी कॉन्टेस्ट में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उनका सपना मिस वल्ड बनने का रहा है। वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की संस्कृति, मूल्यों और देश की पहचान को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना चाहती हैं। उनका कहना है कि भारत के रंग, संस्कार और विश्वगुरु की पहचान को सही तरीके से दुनिया तक पहुंचाना उनका उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि उनकी शुरुआती पढ़ाई भी सिवनी में ही हुई है और यहीं से उन्होंने अपने सपनों को उड़ान दी। उन्होंने कहा कि किसी ने उनसे कहा था कि शहर भले छोटा हो, लेकिन यहां के सपने कभी छोटे नहीं होते।

घंसौर पंचायत में सफाई सामग्री के बाद अब चूना खरीदी पर भी उठे सवाल

# बड़ा सवाल आखिर 450 किलो डस्ट चूना कहां हो गया खर्च ग्राम पंचायत में किसके संरक्षण में लगाए जा रहे फर्जी बिल

## क्या ग्राम पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी जनता को लगा रहे चूना..

**घंसौर - ग्राम पंचायत घंसौर में सामग्री खरीद को लेकर उठे सवाल थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। सफाई सामग्री जिसमें एसिड और फिनायल जैसी वस्तुओं की खरीदी को लेकर पहले से चर्चा चल रही है अब उसी क्रम में चूना खरीदी को लेकर भी नए प्रश्न सामने आए हैं।**




प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत अभिलेखों में लगभग 450 किलो चूना खरीदे जाने का उल्लेख है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इतनी मात्रा में चूना कहां और किस कार्य में उपयोग किया गया, यह स्पष्ट किया जाना चाहिए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि बड़ी मात्रा में चूना खरीदा गया है, तो उसका उपयोग सार्वजनिक स्थलों, नालियों, मार्गों या अन्य कार्यों में स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए। लेकिन जमीनी स्तर पर ऐसे कार्यों को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पा रही है, जिससे खर्च और वास्तविक उपयोग के बीच अंतर की आशंका व्यक्त की जा रही है। नागरिकों ने यह भी कहा कि पंचायत में होने वाला प्रत्येक खर्च जनता की गाढ़ी कमाई और शासकीय निधि से होता है, इसलिए पारदर्शिता और जवाबदेही आवश्यक है। यदि सामग्री की खरीदी तो दर्ज हो लेकिन उसका उपयोग स्पष्ट न हो, तो यह जांच का विषय बन जाता है। सूत्रों के अनुसार इस पूरे मामले को लेकर विस्तृत शिकायत पत्र तैयार कर लिए गए हैं, जिन्हें शीघ्र ही उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। शिकायत में सफाई सामग्री, चूना खरीदी, स्टॉक रजिस्टर प्रविष्टि, उपयोग स्थल का भौतिक सत्यापन तथा भुगतान प्रक्रिया की जांच कराने की मांग शामिल होगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अब केवल एक-दो बिल नहीं, बल्कि पंचायत की संपूर्ण खरीद प्रक्रिया और रिकॉर्ड की जांच आवश्यक हो गई है, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके। अब क्षेत्रवासियों की नजर प्रशासन पर टिकी हुई है कि क्या इन सवालों पर गंभीरता से विचार कर निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।



# स्वर्गीय अभय निगम की कर्मभूमि सैम रॉक जैक एंड जिल स्कूल में बच्चों ने मनाया रंग उत्सव

**स्वर्गीय अभय निगम की कर्मभूमि एवं शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानसैम रॉक जैक एंड जिल स्कूल में रंग उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगों की फुहार के बीच होली पर्व का आनंद लिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

विद्यालय परिसर को आकर्षक रंग-बिरंगी सजावट से सजाया गया था। बच्चों ने पारंपरिक परिधान पहनकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर होली से संबंधित गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिससे वातावरण पूरी तरह उत्सवमय हो गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों को होली का सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व समझाया गया और आपसी प्रेम, भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया गया। साथ ही सुरक्षित एवं प्राकृतिक रंगों से होली मनाने की अपील भी की गई।

# बंडोल पुलिस ने उत्पात मचाने वाले व्यक्तियो को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के व्दारा होली एवं रमजान पर्व त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे इस बात को ध्यान में रखते हुये उपद्रवियों असामाजिक तत्वो के विरूध्द कड़ी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. मनोज कुमार जंघेला व्दारा उपद्रवियों असामाजिक तत्वो के विरूद्ध तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।

थाना बंडोल में दिनांक 01.03.2026 को ग्राम जमुनिया मे सतपाल उर्फ शिवपाल पिता राजेश बघेल उम्र 31 साल निवासी ग्राम जमुनिया थाना बंडोल जिला सिवनी, आयुष पिता विक्रमसिंह बघेल उम्र 23 साल निवासी ग्राम बिहिरिया थाना बंडोल जिला सिवनी, अनुराग पिता सुनील सराठे उम्र 20 साल निवासी बिहिरिया थाना बंडोल जिला सिवनी, विनोद पिता सुखराम पारधी उम्र 26 साल निवासी ग्राम गंगेरूआ थाना बंडोल जिला सिवनी व्दारा शराब के नशे में गुण्डा गर्दी कर उत्पात मचाने और लोगो को डराते धमकाते पाये जाने पर अनावेदको को धारा 170 बी.एन.एस.एस.में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया जिनका जेल वारंट बनने पर जेल दाखिल किया गया।

गिरफ्तार आरोपी मे सतपाल उर्फ शिवपाल पिता राजेश बघेल उम्र 31 साल निवासी ग्राम जमुनिया थाना बंडोल जिला सिवनी , आयुष पिता विक्रमसिंह बघेल उम्र 23 साल निवासी ग्राम बिहिरिया थाना बंडोल जिला सिवनी, अनुराग पिता सुनील सराठे उम्र 20 साल निवासी बिहिरिया थाना बंडोल जिला सिवनी, विनोद पिता सुखराम पारधी उम्र 26 साल निवासी ग्राम गंगेरूआ थाना बंडोल जिला सिवनी।

इस कार्यवाही मे थाना प्रभारी उपनिरी. मनोज कुमार जंघेला, सउनि. राजेन्द्र कुमार नागवंशी, प्र.आर. बालमुकुंद बघेल, प्र. आर. जयेन्द्र बघेल, आर. सतेन्द्र चन्द्रवंशी, आर. रजनीकांत ठाकुर शामिल रहे।

# लायंस क्लब मोगली सिवनी की होली पार्टी रही यादगार





**लायंस क्लब मोगली सिवनी द्वारा आयोजित होली उत्सव रंगों, उमंगों और उत्साह से सराबोर एक यादगार शाम के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आपसी प्रेम, भाईचारे व एकता का संदेश दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विशेष रूप से सुमन मालू जी एवं मेघा अग्रवाल जी का अभिनंदन किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुंदर और व्यवस्थित रूप से संचालित किया। होली के रचनात्मक एवं अनोखे टाइटिल्स ने सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी, वहीं मजेदार और रोमांचक खेलों ने माहौल को जीवंत बनाए रखा। फिल्मी गीतों की धुन पर सदस्यों ने उत्साहपूर्वक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को रंगीन और ऊर्जा से भर दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो रंग, संगीत और खुशियाँ एक साथ झूम उठी हों। विशेष आकर्षण के रूप में सुमन जी द्वारा परोसे गए स्वादिष्ट मिठाई की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक समरसता और पारस्परिक स्नेह को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# जिला यादव महासभा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला यादव महासभा सिवनी के द्वारा समाज के हर वर्ग को एक जुट करने के लिए मई माह मे आयोजित युवक युवती परिचय सामूहिक विवाह,उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के सदस्यों का आयोजित सम्मान समारोह जिला स्तरीय सम्मेलन के माध्यम से किए जा रहे प्रयास को लेकर बैठक मै उपस्थित सभी सदस्यों ने एक मत होकर सहयोग देने की सहमति दी।

आज लखनादौन मे आयोजित बैठक मे कार्यक्रम को लेकर उपस्थित समाज के हर सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल और भव बनाने की बात रखी। कार्यक्रम को लेकर बैठक मै यह तय किया गया की



आगामी बैठक आदेगांव, धुमा, घंसोर और धनोरा मे रखी जाएगी जिसमें समाज के हर व्यक्ति को शामिल किया जाएगा साथ ही कार्यक्रम को लेकर एक कार्यकारिणी के साथ समितियो का गठन करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है ।

इस बैठक मे जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण यादव, कार्यकारी अध्यक्ष किशोर यादव, जिला युवा यादव महासभा के अध्यक्ष अधिवक्ता अमित यादव लखनादौन यादव महासभा के अध्यक्ष संजय यादव, अखिल भारत वर्षोय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष भारत यादव, लखनादौन ब्लाक अध्यक्ष प्रशांत यादव,जिला यादव महासभा के संरक्षक विनोद यादव, जिला उपाध्यक्ष सुभाष यादव, रंजीत यादव, राजेंद्र यादव (टेलर) कोषाध्यक्ष रामकिशोर यादव सिवनी नगर अध्यक्ष बंटी यादव के साथ समाज के वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक यादव,रामकुमार यादव, अजित यादव, चेतराम, भूपेंद्र यादव,रामकुमार यादव लखनादौन, अमित यादव, अतुल यादव,आदि उपस्थित हुए।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

**सिवनी जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में दलसागर तालाब के पास 1 मार्च की शाम लगभग 4 बजे एक सडक़ हादसा हुआ। अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, घायल बाइक चालक गजेन्द्र कुंजाम (42 वर्ष) सिवनी से ज्यारत नाका की ओर जा रहे थे। दलसागर तालाब के पास पहुंचते ही एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और गजेन्द्र कुंजाम को गंभीर चोटें आईं।

बिना रुके भागा आरोपी ड्राइवर

स्थानीय लोगों की मदद से घायल गजेन्द्र कुंजाम को तुरंत एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर मारने वाला वाहन बिना रुके मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और फरार वाहन चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वहां दिन-रात वाहनों और लोगों की आवाजाही काफी रहती है। गनीमत रही कि हादसे के समय सडक़ पर अधिक भीड़ या अन्य वाहन मौजूद नहीं थे, अन्यथा यह एक बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि सडक़ हादसे में बाइक चालक के घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की है। पुलिस ने आमजन से अपीलकी है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, तेज गति से वाहन न चलाएं और सावधानी बरतें।

# महावीर जयंती के संयोजक बने नीतेश गोयल, जन्म जयंती में सह संयोजक के रूप में कार्य करेंगे चंदन जैन एवं शांतनु

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय संस्कृति में चैत्र का पावन पवित्र मास विश्व वंदनीय जन जन के आराध्य प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव जी भगवान, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम,वर्तमान शासन नायक भगवान श्री वर्धमान महावीर स्वामी एवं बजरंगबली भगवान श्री हनुमान के जन्मोत्सव को समर्पित रहा है। जन्मोत्सव की इसी पावन श्रृंखला में चैत्र कृष्ण नवमी प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभ देव के एवं चैत्र शुक्ल त्रयोदशी की पावन तिथि भगवान महावीर के जन्म कल्याणक को समर्पित है अपने आराध्यो के जन्म जयंती के महान पर्व को एक वृहत समारोह पूर्वक आयोजित करने के लिए जैन समाज व्यापक रूप से तैयारियों में जुटा हुआ है। विगत दिनों श्री दिगम्बर जैन जनरल पंचायत की बैठक महावीर जयंती की तैयारियो के लिये श्री बड़े जैन मंदिर जी में आयोजित की गई जहां सर्व सम्मति से गोयल कंप्यूटर के संचालक श्री नितेश गोयल को जन्म जयंती का संयोजक मनोनीत किया गया वही चंदन जैन एवं शांतनु चौधरी को सह संयोजक के पद पर नियुक्त किया गया। जन्म जयंती की कार्यकारिणी गठित की गई संयोजक बनने के पश्चात नितेश द्वारा समाज के सभी वर्गों की एक सभा आयोजित की गई जिसमे आयोजित कार्यक्रमो का प्रभारी सुनिश्चित कर जन्म जयंती की कार्यकारिणी गठित की गई।

इस अवसर पर जनरल सेक्रटरी पारस जैन द्वारा महावीर जयंती संबंधी आवश्यक रजिस्टर फाईल आदि संयोजक मंडल को सोपे गये। इस अवसर पर उपस्थित समाज के सभी वर्गो ने जन्म जयंती के कुशल संचालन हेतू नितेश चंदन शांतनू सहित पूरी समिति को शुभ कामनाये प्रेषित की।

### भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह एवं परिचय कार्यक्रम संपन्न

भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन के नेतृत्व में पूरी उर्जा के साथ कार्य करते हुए संगठन को नई उंचाईयां प्रदान करेगी। मैं सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां मिलने पर बधाई एवं शुभकामनायें देते हुए दायित्वों के कुशल निर्वहन की अपेक्षा करता हूं। हम सभी इस बात का ध्यान रखें कि संगठन ने हमें दायित्व के साथ जिम्मेदारियां भी सौंपी है और यह दायित्व हमारी क्षमता, योग्यता और परिश्रम की परीक्षा है। उक्त आशय की बात आज जिला भाजपा कार्यालय में नवनियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं मण्डला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते द्वारा अपने संबोधन में कही गई।

# कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में विशेष डीएलसीसी बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में 02 मार्च 2026 को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में विशेष डी.एल.सी.सी. (जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बैंकिंग एवं स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में स्वयं सहायता समूहों को दिये जाने वाले क्रेडिट लिंकेज (सीसीएल) की प्रगति की समीक्षा करते हुए एस.आर.एल.एम. अंतर्गत अधिकाधिक समूहों को बैंक ऋण से जोड़ने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना एवं पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत पीएमएफएमई योजना, मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन ऋण एवं मत्स्य केसीसी, तथा पशुपालन विभाग की डेयरी केसीसी एवं डॉ. भीमराव कामधेनु योजना की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी विभागों एवं बैंकरों को योजनावार लंबित प्रकरणों में त्वरित स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में आदिवासी एवं स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत बिरसा मुंडा रोजगार योजना, डॉ. टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, संत रविदास स्वरोजगार योजना एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना की समीक्षा की गई। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति पर चर्चा हुई। बैठक में बैंकर्स से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी बैंकर्स को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए लंबित शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी अधिकारियों एवं बैंकर्स वित्तीय वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते हुए लक्ष्यानुसार सभी योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए त्वरित रूप से प्रकरणों में स्वीकृति एवं वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

# समय-सीमा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर शीतला पटले की अध्यक्षता में आयोजित समय-सीमा बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की विभागवार विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में विभागवार प्राप्त एवं लंबित आवेदनों की स्थिति की जानकारी लेकर कलेक्टर ने सभी विभागों को प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की बीएमओवार समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों के तेजी से कार्ड जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित जाति प्रमाण पत्रों के शीघ्र निराकरण पर विशेष जोर दिया। इसी तरह शासन के निर्देशानुसार 14 वर्ष की बालिकाओं के एचपीवी (HPV) टीकाकरण की व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्कूलों एवं छात्रावासों में शत-प्रतिशत बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मैदानी स्तर पर अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए शतप्रतिशत पात्र बालिकाओं का वैक्सिनेशन पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सतत पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए जल निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई), नगरपालिका तथा जल संसाधन विभाग को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम को ग्रामवार सर्वे कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा।

# उदय पब्लिक स्कूल के नन्हे विद्यार्थियों ने मनाया रंगों का उत्सव होली

**सिवनी।** सिवनी जिले की अग्रणी शैक्षणिक संस्था उदय पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हे छात्र-छात्राओं द्वारा रंगों का उत्सव होली बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे परिधानों और बच्चों की खिलखिलाहट से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य राघवेंद्र ठाकुर के द्वारा होली के महत्व एवं उसकी सांस्कृतिक परंपरा के बारे में जानकारी देने से हुई। बच्चों को बताया गया कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक है।नन्हे विद्यार्थियों ने फूलों की होली खेलते हुए एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने होली से संबंधित गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए, जिसने उपस्थित अभिभावकों और शिक्षकों का मन



मोह लिया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों की मासूम मुस्कान ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया।

विद्यालय की संचालिका श्रीमति राधिका मालू ने बच्चों को सुरक्षित एवं प्राकृतिक रंगों के उपयोग का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण का महत्व भी समझाया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को प्रेम, एकता और सौहार्द का संदेश दिया गया।अंत में सभी विद्यार्थियों ने मिलकर हैप्पी होली के नारों के साथ एकता और भाईचारे का संदेश दिया। विद्यालय परिवार ने सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं इस होली उत्सव को आयोजित करने में शिल्पी जैन, विभा मालवी,रोशनी मिश्रा, दीक्षा जैन, साधना शुक्ला,नेहा मालवी, आकांक्षा सोनी का योगदान रहा ।

### जनपद सीईओ, सहायक यंत्री, उपयंत्री, एडीओ, पीसीओ, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सब मैदान में सीईओ अभिषेक सराफ की कार्यप्रणाली अनुचित

# तानाशाह सीईओ को हटाने पूरा अमला लामबंद

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ के खिलाफ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सीईओ पर देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंस करने, असंयमित भाषा का उपयोग करने और अन्य समस्याओं को लेकर दबाव बनाने का आरोप है। इस हड़ताल के कारण पंचायती कामकाज की व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है।

इस हड़ताल में जनपद सीईओ, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, उपयंत्री, सहायक यंत्री, एडीओ, पीसीओ, पंचायत सचिव और रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल हैं। सभी ने जनपद पंचायत बालाघाट के सामने पंडाल लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इससे पहले 28 फरवरी और 1 मार्च को भी सभी



कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे थे, जिससे पंचायत से लेकर जनपद तक की सभी प्रशासनिक व्यवस्थाएं ठप्प पड़ गई थीं।

कर्मचारियों ने 27 फरवरी को ही जिला पंचायत सीईओ द्वारा कथित तौर पर कार्यों को लेकर दबाव बनाने से नाराज होकर 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की थी। यह हड़ताल सीईओ के कार्यशैली के विरोध में की जा रही है।

कर्मचारियों का आरोप है कि जिला पंचायत सीईओ शाम 6 बजे से देर रात तक वीसी आयोजित कर दबाव बनाते हैं और उनके साथ असम्मानजनक व्यवहार करते हैं। इससे महिला अधिकारियों को विशेष परेशानी हो रही है।

योजनाओं की दैनिक प्रगति के नाम पर वेतन कटौती जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है। मनरेगा जैसी मांग आधारित योजना में लक्ष्य तय कर नियम विरुद्ध श्रमिक नियोजन का दबाव बनाया जा रहा है।

इसके अलावा, सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को जबरन बंद कराने और वर्षों पुराने पीएम आवास को पूर्ण कराने के लिए भी दबाव डाला जा रहा है। स्थानांतरण पर रोक के बावजूद सचिवों और कर्मचारियों के स्थानांतरण से भी नाराजगी है। कर्मचारियों का यह भी आरोप है कि पहले नियम विरुद्ध कार्य कराने को बाध्य किया जाता है, और फिर उसी मामले में जवाब-तलब कर परेशान किया जाता है।

जनपद पंचायत खैरलांजी के सीईओ वृंदावन मीणा ने बताया कि सीईओ देर शाम वीसी लेते हैं, जिससे महिला कर्मचारियों को परिवार से निकलने में समस्या होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि वीसी लेनी है तो उसे दिन में जल्द कर लिया जाए, क्योंकि नियमित वीसी से फील्ड में काम करने में दिक्कत आती है। मीणा ने यह भी बताया कि ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब सीईओ वीसी में असंयमित भाषा का उपयोग न करते हों, जिससे कर्मचारी बेहद नाराज हैं।

### बरघाट के सत्यम सेठ ने बाजी मारी

# गर्रा में भव्य पट प्रतियोगिता सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**





औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा में प्रथम पट प्रतियोगिता का आयोजन भूतपूर्व सांसद स्व.भोलाराम पारधी राजकीय क्रिकेट स्टेडियम गर्रा में सम्पन्न किया गया। ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों बैलजोड़ी प्रतियोगियों ने भागेदारी निभाई। बीते रविवार से उपरोक्त मैदान में दूर दूर से पहुंचे प्रतियोगियों ने भागीदारी निभाई। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय वैभव कश्यप जिला संघ चालक तथा माननीय विशाल बिसेन जी की अध्यक्षता रही। कार्यक्रम में प्रतियोगियों के द्वारा खेल का शानदार प्रदर्शन किया गया। बरघाट से पहुंचे सत्यम सेठ की जोड़ी ने प्रथम पुरूस्कार 51 हजार रूपये जीत कर दंगल अपने नाम कर लिया हैं, वहीं द्वितीय पुरूस्कार रिनायत भैय्या नांदी मोहगांव ने 41 हजार रूपये, वहीं तृतीय पुरूस्कार रफ्तार तहलका काटी 31 हजार रूपये, चौथा पुरूस्कार शुक्ला जी सिवनी 25 हजार रूपये, पांचवा पुरूस्कार गज्जू भैय्या नीलम भैरव बिछुआ 20 हजार रूपये ग्राम प्रधान वैभवसिंह के हस्ते प्रधान किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से इनकी उपस्थिति सराहनीय रहीं, लोकेश बिसेन, कमलेश भगत, दिपक बघेले, एकांत चौधरी, अंशुल बिसेन, संतोष सोनेकर, नरेन्द्र पटले, रजनीश जयराम ठाकरे, विकास मेश्राम सचिव, सलीम शाह पत्रकार, संजय बिसेन समाजसेवी, आनंद बिसेन सरपंच कनकी, डॉ अशोक गुप्त तथा राकेश ठाकरे, मोनू भगत, दिलीप भैरम, बंटी चौधरी तथा सैकडो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें। ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन ने कहा कि हमारे ग्राम में प्रथम बार पट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं हमारी मंशा हैं कि हमारा देश गौ प्रधान देश हैं। बालाघाट जिला कृषि प्रधान हैं, खेती को बढ़ावा देने की मंशा से तथा गौ पालन की परंपरा बनी रहें। इसी मंशा से कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। और आगामी समय में इस कार्यक्रम को और अधिक भव्यता प्रदान करने का हमारा प्रयास रहेगा।

### ग्रामीणों को मिलने लगा नियमित जलप्रदाय

# मिरेगांव की नल-जल योजना की टंकी में सुधार कार्य पूर्ण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उईके ने जानकारी दी है कि लालबर्रा विकासखंड के ग्राम मिरेगांव स्थित नल-जल योजना की टंकी में सप्लाई पाइप एवं ओवरफ्लो पाइप के सुधार एवं मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सुधार कार्य के बाद अब ग्रामीणों को पुनः नियमित रूप से पानी मिलने लगा है।

कार्यपालन यंत्री श्री उईके ने बताया कि टंकी के सप्लाई पाइप एवं ओवरफ्लो पाइप के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी विभाग के संज्ञान में आते ही विभागीय अमले द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। क्षतिग्रस्त पाइपों की मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य शीघ्रता से पूरा कर जलप्रदाय व्यवस्था को सुचारु कर



दिया गया। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने से अब गर्मी के मौसम में भी बिना किसी व्यवधान के जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। नल-जल योजना के माध्यम से ग्रामीणों को पर्याप्त एवं नियमित पानी उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें पेयजल संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने विभाग द्वारा समय पर की गई कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया है।

# एम्बुलेंस में बेटे को दिया जन्म, प्रसूता की मौत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के अस्पताल में सोमवार को एक प्रसूता की मौत हो गई। महिला ने जिला अस्पताल आते समय एम्बुलेंस में रविवार रात एक बेटे को जन्म दिया था। अत्यधिक खून बह जाने के कारण उसे बचाया नहीं जा सका।



बिरसा थाना क्षेत्र के माटे अंतर्गत छोटी परसाही गांव निवासी संपतीन (पति अशोक पंचतिलक) को प्रसव पीड़ा हुई। उनका गांव जिला मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर है। परिजनों ने उन्हें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट के लिए रवाना किया।

रास्ते में भंडेरी के पास प्रसव पीड़ा बढ़ गई और संपतीन ने एम्बुलेंस में ही एक बेटे को जन्म दिया। सामान्य प्रसव के दौरान एम्बुलेंस में कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं था, जिससे महिला का बहुत ज्यादा खुन बहने लगा। देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच जब परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

नवजात बच्चे की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसका एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में उपचार चल रहा है। प्रसूता की मौत की सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस ने सोमवार को शव बरामद किया। परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया गया।

अस्पताल चौकी पुलिस प्रभारी शिवदयाल पटले ने बताया कि मृतिका की पहले से दो बेटियां हैं। यह उसका तीसरा प्रसव था। महिला ने एम्बुलेंस में नवजात को जन्म दिया, जिसके बाद मां और बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया।

डॉक्टरों ने प्रसूता को मृत घोषित कर दिया था। डॉक्टरों की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। मामले की आगे की जांच संबंधित थाना पुलिस करेगी।

## एचपीवी टीकाकरण में बालाघाट जिला प्रदेश में प्रथम

**बालाघाट।** सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए देशभर में 28 फरवरी 2026 से 14 वर्ष की बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीका लगाने का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत बालाघाट जिला प्रदेश के सभी जिलों में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि बालाघाट जिले को 14 वर्ष आयु वर्ग की 15 हजार 541 बालिकाओं को एचपीवी टीका लगाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 28 फरवरी से प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत 2 मार्च तक जिले में 551 बालिकाओं को टीका लगाया जा चुका है। इसी उपलब्धि के साथ बालाघाट जिला प्रदेश में पहले स्थान पर है, जबकि दूसरे स्थान पर शाजापुर एवं तीसरे स्थान पर भोपाल जिला है।

डॉ. उपलप ने बताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। साथ ही बालिकाओं के पालकों एवं अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के इस टीके के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि स्कूलों एवं छात्रावासों में अध्ययनरत बालिकाओं में भी टीकाकरण के प्रति सकारात्मक रुझान देखने को मिल रहा है। बालिकाएं अपने सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य के लिए उत्साहपूर्वक टीका लगवा रही हैं।

जिले में 30 मार्च तक 15 हजार 541 बालिकाओं को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित है, हालांकि स्वास्थ्य विभाग इस लक्ष्य को 20 मार्च तक ही प्राप्त करने के प्रयास में जुटा हुआ है।

# मॉयल को एमईएमसी जबलपुर क्षेत्र के फाइनल डे में मिले कई पुरस्कार

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 35वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2025-26 का समापन गत दिवस जबलपुर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन , जबलपुर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित किया गया। समापन समारोह के अंतिम दिन पुरस्कार वितरण कार्यक्रम उत्साह और गौरव के साथ संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न खदानों और इकाइयों को पर्यावरण संरक्षण, वनीकरण तथा वैज्ञानिक खनन विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में (मॉयल) की विभिन्न इकाइयों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। सीतापठोर इकाई को पर्यावरण मॉनिटरिंग में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। वहीं तिरोड़ी माइंस ने वनीकरण गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान देते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। उकवा माइंस को भी वनीकरण श्रेणी में द्वितीय उपविजेता का पुरस्कार मिला।

उकवा माइंस ने व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक विकास कार्यों में प्रथम उपविजेता का सम्मान प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की। बालाघाट माइंस ने भी वनीकरण के क्षेत्र में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक विकास श्रेणी में बालाघाट माइंस को द्वितीय उपविजेता घोषित किया गया।

मॉयल की ओर से महाप्रबंधक (परियोजना एवं विविधीकरण) राजेश भट्टाचार्य, अभिकर्ता एवं संयुक्त महाप्रबंधक समूह-1 उम्मेद सिंह भाटी, खान प्रबंधक विवेक कुमार, सहायक महाप्रबंधक (भूविज्ञान) विनय रहांगडाले सहित अन्य अधिकारी समारोह में उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खनन कार्य का संचालन ही सतत विकास का आधार है।

समारोह में उपस्थित अधिकारियों ने सभी विजेता इकाइयों को बधाई देते हुए भविष्य में भी पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# ग्राम कटंगी में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का समापन, युवाओं ने दिया डिजिटल साक्षरता और सामाजिक जागरूकता का संदेश



"**बालाघाट।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, शासकीय महाविद्यालय लांजी द्वारा ग्राम पंचायत कटंगी में आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर का समापन 02 मार्च सोमवार को उत्साह, ऊर्जा और सामाजिक चेतना के संदेश के साथ संपन्न हुआ। 24 फरवरी से प्रारंभ हुए इस शिविर ने पूरे सप्ताह ग्राम विकास, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक सरोकारों के विविध आयामों को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया।

"मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता" थीम पर आधारित इस शिविर का शुभारंभ 24 फरवरी को पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर रेवाराम सोनवाने के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. गौतमा कठाने ने की, जबकि संचालन एवं समन्वय कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर रितेश सोनवाने द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए ग्रामीण समाज के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रातः प्रभात फेरी निकालकर स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता के नारों से वातावरण को जागरूक किया गया। योग एवं व्यायाम सत्रों के साथ स्वयंसेवकों ने ग्राम की साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया। दोपहर पश्चात आयोजित बौद्धिक सत्रों में विशेषज्ञों ने समसामयिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। द्वितीय दिवस पर "ऑनलाइन शिक्षा और भारतीय युवाओं में डिजिटल कौशल का विकास" विषय पर प्रोफेसर महेश ढोक एवं श्री महेश दमाहे ने डिजिटल लेन-देन, ऑनलाइन सेवाओं और सुरक्षित मोबाइल उपयोग की जानकारी दी। तृतीय दिवस "ग्रामीण युवाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की चुनौतियाँ" विषय पर आयोजित सत्र में महेन्द्र बोरकर, प्रोफेसर महेन्द्र तलवरे एवं डॉ. ललित कामडे ने ग्रामीण युवाओं के लिए डिजिटल माध्यमों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। चतुर्थ दिवस महिला सशक्तिकरण को समर्पित रहा, जिसमें प्रोफेसर डॉ. कांता वर्मा, प्रधान पाठक ममता नारनौरे, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया। पंचम दिवस पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणीय संतुलन, वृक्षारोपण और दैनिक जीवन में संरक्षण उपायों पर विस्तृत चर्चा हुई। षष्ठम दिवस साइबर सुरक्षा विषय पर केंद्रित रहा, जिसमें सुरक्षित ऑनलाइन ट्रांजेक्शन, साइबर अपराधों से बचाव और डाटा सुरक्षा पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। सप्तम एवं अंतिम दिवस समापन समारोह में पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर रेवाराम सोनवाने मुख्य अतिथि तथा ग्राम पंचायत कटंगी के सरपंच महेन्द्र बोरकर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ. गौतमा कठाने ने की। स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत नाटक, वाद-विवाद, देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक नृत्य ने समारोह को जीवंत बना दिया। अंत में अतिथियों द्वारा स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रोफेसर नितेश मेश्राम, प्रोफेसर स्वाती पशीने सहित महाविद्यालय परिवार के सहयोग से संपन्न यह सात दिवसीय शिविर ग्रामीण समाज में सेवा, जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करने में सफल रहा।

# पनिका समाज के मंदिर पर पनिका जाति शब्द को मिटाने वाले उपद्रवी तत्वों के खिलाफ शिकायत दर्ज!

**हरिभूमि न्यूज बैहर।**

बालाघाट जिले के बैहर तहसील मे स्थित पनिका समाज के कबीर आश्रम मंदिर की दिवार पर पनिका जाती लिखें शब्द को मिटाने पर बड़ा बवाल हो गया! जिससे पनिका जाती के लोग उपद्रवि तत्वों के खिलाफ आक्रोषित नजर आ रहे है! जानकारी अनुसार बता दे की तहसील बैहर मे पनिका जाती के लगभग 20 हजार से अधिक लोगो का समुदाय निवास करता है, जो अपना अराध्य भगवान श्री सदगुरु कबीर दास जी को मानते है! ये लोग अधिकतर शांति प्रिय व सरल स्वभाव के होते है! वही दूसरी ओर पंथ के मानने वाले लोग, अन्य समाज का अनुसरण कर पनिका समाज की ख्याती को हानि पहुंचाने का कार्य कर रहे है! जिसमे मुख्य रूप से अतीत दास संत, यशवंत बघेल, करन परवार, सुरजीत टांडिया जैसे उपद्रवीयों को लेकर पनिका समाज और आमीन माता महिला मण्डल की महिलाओ ने दिनांक 2 मार्च 2026 को पुलिस थाना बैहर पहुँचकर उपद्रवि तत्वों के खिलाफ लिखित शिकायत देकर मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की मांग की है! पुरे मामले को स्पष्ट करते हुवे पनिका समाज बैहर के अध्यक्ष श्री आर. राजा सोनवाने ने बताया की विगत कुछ दिनों से पंथ के मानने वाले लोग पनिका समाज की ख्याती को हानि पहुंचाने का कोई कसर नहीं छोड़ रहे है!कबीर मंदिर आश्रम को सर्व समाज मंदिर बताकर समिति की बगैर अनुमति के ताला तोडकर बैनर पोस्टर और दीवार पर लिखें पनिका जाती को मिटाकर पनिका समाज की मर्यादा से छेड़छाड़ किया गया है! जबकि आमीन माता महिला मण्डल द्वारा मंदिर की देख रेख साफ सफाई और पूजा अर्चना की जाती



है!बाऊजूद इसके उपद्रवि तत्वों द्वारा मंदिर का ताला तोडकर पनिका समाज के मंदिर मे उत्पाद मचाई गई है! जिसको लेकर पनिका समाज एकजुट होकर मामला पंजीबद्ध कर उचित कार्यवाही की मांग की ज़ा रही है।



### जल्द होगा पनिका समाज का महासम्मेलन

बालाघाट जिले की पनिका समाज अपने सात्विक खान पान और स्वेत वेश भूषा एवं सरल स्वभाव के लिए जाने जाते है! जिले मे पनिका जाती की जनसंख्या लगभग 35 हजार के आसपास आँकी गई है! जो हमेशा ही मुख्य धारा से वंचित रहा है! जिसको लेकर पनिका समाज के अध्यक्ष आर राजा सोनवाने ने हुंकार भरी है की, अब पनिका जाती के लोग अपने अधिकार के लिए लड़ेगा, और अब तक शासन प्रशासन ने दबी कुचली जाती मे गिनकर जो सौतेला व्यवहार किया है, अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और अपने अधिकार के लिए संवैधानिक लड़ाई लड़ेगा पूर्व मे अनुसूचित जाती का दर्जा देकर अनुच्छेद 342 से हटा देना समाज मे भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है, जिसे यथावत करने की मांग पनिका समाज की जारी रहेगी! जिसको लेकर शीघ्र ही जिला स्तर पर पनिका समाज का महासम्मेलन कराया जाएगा! जिसके लिए पनिका समाज के अध्यक्ष श्री सोनवाने ने पनिका समाज से अपील की है की अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए एकजुटता बनाने का निरंतर प्रयास करते रहे।